दिन– रविवार

दिनांक– 07 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा– अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी की कीमतों के मुकाबले भारतीय घरों में एलपीजी सस्ती मिल रही है।

02 बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख कल। नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव होगा।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आलोक सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तेरह जून को नई दिल्ली में होगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, कटिहार और भागलपुर जिले में तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

तेल कम्पनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। चौदह किलो वाले सिलेंडर के मूल्य में उनतीस रूपये की वृद्धि की गयी है। अब पटना में इसकी कीमत एक हजार ग्यारह रूपये से बढ़कर एक हजार चालीस रूपये प्रति सिलेंडर हो गयी है। वहीं, पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर का मूल्य तीन सौ पचहत्तर रूपये से बढ़कर तीन सौ छियासी रूपये हो गया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। हालांकि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। श्री सरावगी ने पटना में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों और देश की मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण अन्य देशों की तुलना में भारत में गैस के दाम अनियंत्रित नहीं हुए हैं।

–––बाइट–––

---

इधर, सरकार ने आज कहा कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सिलेंडर किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सस्ते हैं और अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

---बाइट---

पश्चिम एशिया में हाल के संकट के दौरान ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए सरकार ने कहा है कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल रहा, जिसने समुद्री यातायात में गंभीर बाधाओं के बावजूद होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखा। सरकार के अनुसार, देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं हुई और एलपीजी की वितरण व्यवस्था भी सामान्य रूप से चलती रही। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 14 दशमलव 2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर पर विशेष राहत मिल रही है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी पहले चार रिफिल पर प्रतिवर्ष 300 रुपये की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) सहायता प्राप्त करते हैं। इसके बाद उन्हें एक सिलेंडर के लिए प्रभावी रूप से 642 रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जबकि दिल्ली में सामान्य उपभोक्ताओं के लिए इसी सिलेंडर की खुदरा कीमत 942 रुपये है। मंत्रालय के अनुसार, आपूर्ति में व्यवधान की अवधि के दौरान घरेलू एलपीजी उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई। प्रिया मंडल की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

---

बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तारीख है। प्रत्याशी ग्यारह जून तक नामांकन वापस ले सकते हैं। आवश्यक होने पर इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। इधर, एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने चार और जदयू ने चार उम्मीदवारों के नामों की सूची पहले ही जारी कर दी है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आलोक सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने इसकी घोषणा की है। वहीं, प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि हिमांशु पटेल को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद आलोक सिंह ने कहा कि वे संगठन को पूरी मजबूती से चलायेंगे।

———बाइट———

इधर, पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक और राष्ट्रीय महाधिवेशन का आयोजन तेरह जून को नई दिल्ली में होगा। पार्टी सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि इस महाधिवेशन के दौरान पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न होगा।

———बाइट———

---

अग्निशमन विभाग ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच के लिए अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने आज पटना के एक चर्चित निजी कोचिंग संस्थान की जांच की। जांच के दौरान संस्थान में आग से बचाव के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं पाई गई। अग्निशमन विभाग के सहायक जिला फायर ऑफिसर अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संस्थान को कमियों को ठीक करने के लिए एक हफ़्ते का समय दिया गया है।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एन.टी.ए ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर नीट—यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा प्रश्न पत्र के कथित लीक या बिक्री के दावों का खंडन किया है। एन.टी.ए ने कहा कि यह छात्रों और उनके परिवारों की चिंताओं का फायदा उठाने वाले संगठित नकल गिरोहों का काम है। एजेंसी ने सक्रिय रूप से आपत्तिजनक चौनलों, खातों और सामग्री की पहचान कर सम्बंधित प्लेटफॉर्म के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की चेतावनी दी है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस जून को भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। श्री मोदी लंबे समय तक लगातार पीएम पद पर बने रहने वाले नेता बन

जाएंगे। इस उपलब्धि के साथ नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का बहत्तर साल पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ देंगे। दस जून को पीए मोदी का कुल कार्यकाल चार हजार तीन सौ निन्यानवे दिनों का हो जाएगा जबकि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दायित्व को लगातार चार हजार तीन सौ अंठानवे दिनों तक संभाला था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी का कार्यकाल विकास को समर्पित रहा है।

–––बाइट–––

---

विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक कल नई दिल्ली में बुलाई गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि इस बैठक में तेईस राजनीतिक दल शामिल होंगे। इधर, एनडीए के घटक दलों ने इंडी गठबंधन की बैठक की आलोचना की है। जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन में कोई एकता नही है।

–––बाइट–––

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इंडी गठबंधन सिर्फ स्वार्थ की राजनीति के लिए बना है। इस गठबंधन को देश के विकास से कोई मतलब नही है।

–––बाइट–––

---

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय मुंगेर दौरे के क्रम में आज पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संघ के पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री भागवत मुंगेर के सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उत्तर–पूर्व क्षेत्र की ओर से आयोजित शिक्षा वर्ग में शामिल होंगे।

---

विक्रमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज से परिचालन आज से शुरू हो गया है। पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि तीन मई की रात पुल का एक स्लैब टूट कर गिर जाने से इस पुल से आवागमन ठप हो गया था।

---

पंकज कुमार गुप्ता ने एनटीपीसी, कांटी के परियोजना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री गुप्ता ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि परिचालन उत्कृष्टता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाये रखते हुए परियोजना को नई ऊंचाईयों तक ले जाये। एनटीपीसी कांटी परिवार ने श्री गुप्ता के सफल और प्रेरणादायी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, कटिहार और भागलपुर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———बाइट———

---

औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव के समीप एनएच– एक सौ बीस पर आज दो वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के तिलई गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर शराब कारोबारियों के हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने हमले के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

साइकिल ऑन संडे अभियान के तहत आज पटना के इनकम टैक्स चौराहा से पटना जू तक साइकिल रैली निकाली गई। रैली को पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनो के लिए लाभदायक है।

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा— अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी की कीमतों के मुकाबले भारतीय घरों में एलपीजी सस्ती मिल रही है।

02 बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख कल। नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव होगा।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आलोक सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तेरह जून को नई दिल्ली में होगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, कटिहार और भागलपुर जिले में तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

समाप्त